## टैक्स देकर मिल रही बदबूदार सेवा, उपभोक्ता और महिला कर्मचारी असुरक्षित

# केंद्रीय सेवा की शर्मनाक तस्वीर, बदहाली, गंदगी, असुरक्षा में घिरा नोनिया करबल पोस्ट ऑफिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा, मनीष गड़करी

जिले में यदि किसी को केंद्रीय सरकार के कार्यालयों की बदहाली का प्रत्यक्ष उदाहरण देखना हो, तो नोनिया करबल स्थित पोस्ट ऑफिस की स्थिति किसी को भी झकझोर सकती है। आम जनता की सेवा के लिए स्थापित यह केंद्रीय कार्यालय आज अपनी खस्ता हालत, गंदगी और अव्यवस्थाओं के कारण शर्मसार हो रहा है। पोस्ट ऑफिस का वर्तमान स्वरूप न केवल उपभोक्ताओं के लिए अपमानजनक है, बल्कि यहां कार्यरत महिला कर्मचारी की सुरक्षा और सम्मान पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।







पोस्ट ऑफिस भवन की स्थिति अत्यंत दयनीय है। परिसर का एक हिस्सा पेशाबघर के रूप में उपयोग किया जा रहा है, वहीं बरामदे में आवारा शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। इससे न केवल गंदगी फैल रही है, बल्कि महिलाओं और बुजुर्गों के लिए यहां आना भी असुरक्षित हो गया है। बरसात के मौसम में हालात और भी खराब हो जाते हैं। छत से पानी टपकता रहता है, फर्श पर कीचड़ और फिसलन बनी रहती है, जिसके बीच शाखा पोस्ट मास्टर को मजबूरी में कार्य करना पड़ता है।

### मप्र का सबसे घटिया पोस्ट ऑफिस परिसर कहे तो कोई अतिश्योक्ति नहीं

यह स्थिति यह दर्शाती है कि डाक विभाग के संबंधित अधिकारी अपने कार्यालयों की स्थिति को लेकर कितने लापरवाह हैं। जिले के अन्य पोस्ट ऑफिसों की छवि भी इस बदहाली के कारण नकारात्मक रूप से प्रभावित हो रही है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि इतने खराब हालात जिले में ही नहीं, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश में किसी पोस्ट ऑफिस के शायद ही हों।

### टैक्स देने के बाद भी उपभोक्ता हितों का ध्यान नहीं

पोस्ट ऑफिस में रोजाना बड़ी संख्या में उपभोक्ता रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट, नया खाता खोलने, निकासी, आवर्ती जमा (आरडी), सावधि जमा (टीडी), सुकन्या समृद्धि योजना, बीमा और पार्सल बुकिंग जैसी सेवाओं के लिए आते हैं। इन सेवाओं के लिए उपभोक्ता शुल्क अदा करते हैं, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार को टैक्स भी जाता है। परंतु उपभोक्ताओं के हितों का ध्यान दिया जा रहा है।



### ग्राहक और कर्मचारी दोनों गंदगी से परेशान

इसके बावजूद यदि उपभोक्ताओं को बदबूदार और अस्वच्छ वातावरण में सेवाएं लेनी पड़ें, तो यह विभागीय व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस पोस्ट ऑफिस में कार्यरत ब्रांच पोस्ट मास्टर एक महिला हैं, जिन्हें इन तमाम अव्यवस्थाओं के बीच रोजाना काम करना पड़ता है। विभागीय कर्मचारी होने के कारण वे खुलकर विरोध नहीं कर पा रही हैं।

### बजट कमी के बावजूद अन्य शासकीय भवन हो सकते है विकल्प

बजट की कमी के चलते वे बेहतर किराए के भवन की व्यवस्था भी नहीं कर पा रही हैं, जबकि इस संबंध में वे स्थानीय स्कूल प्रबंधन और वार्ड पार्षद से संपर्क कर चुकी हैं। इस विषय पर जब एएसपी नार्थ छिंदवाड़ा संदीप गौर से बातचीत की गई, तो उन्होंने कहा कि वे शीघ्र ही पोस्ट ऑफिस भवन का निरीक्षण करेंगे और इसे किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने के प्रयास किए जाएंगे। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि प्रशासन और डाक विभाग गंभीरता दिखाए, तो आसपास उपलब्ध शासकीय भवनों—जैसे पीएचई विभाग कार्यालय, विपणन संघ भवन अथवा अन्य सरकारी परिसरों में अस्थायी रूप से पोस्ट ऑफिस को स्थानांतरित किया जा सकता है।

### इनका कहना है

वार्डवासी विजय चौधरी और मनोज कहार का कहना है कि विभाग अगर इच्छाशक्ति दिखाए, तो इस गंदगी और असुरक्षा से पोस्ट ऑफिस को बाहर निकालना कोई बड़ी बात नहीं है। आवश्यकता केवल प्रशासनिक पहल और जिम्मेदार अधिकारियों की संवेदनशीलता की है।आजादी के 75 वर्ष बाद भी यदि एक महत्वपूर्ण केंद्रीय उपक्रम की स्थिति इतनी दयनीय हो कि महिला कर्मचारी को पेशाबघर और शराबियों के बीच बैठकर जनता की सेवा करनी पड़े, तो यह व्यवस्था पर गंभीर सवाल है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी कब इस बदहाली को गंभीरता से लेते हैं और इस पोस्ट ऑफिस को एक सम्मानजनक और सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराते हैं।

# नेता के संरक्षण में हो रही रेत चोरी, तहसीलदार ने पकड़कर की कार्यवाही

### तामिया में मंथली पहुंचाई जाती है रिश्वत, कई नेता रेत चोरी में शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया तहसील के देलाखारी क्षेत्र के आसपास की ग्राम पंचायतों के नदियों एवं जंगल में बहने वाली रेत का अवैध उत्खनन दिन-रात किया जा रहा है। ऐसा इसलिए हो पा रहा है कि कुछ नेताओं ने नेतागिरी का झूठा रसूख बतलाकर रेत चोरी करने वालों से 20000 प्रति माह ट्रैक्टर का एवं 30000 ट्रक का अधिकारियों के नाम पर एकत्रित कर रहे थे, लेकिन उनकी नेतागिरी की पोल प्रथम सप्ताह में खुल गई थी कि कोयलांचल के ट्रैक्टर को वन विभाग ने बागई में जंगल की नदी से रेत भरते पकड़ कर कुआं बादला वन चौकी में खड़ा किया था, तब ट्रैक्टर वाले ने नेताओं से पैसा देने के बावजूद पकड़े जाने की बात कही तो उन्होंने वन अधिकारियों के बगल में बैठकर उसे आसवस्त किया कि तुम्हारा प्रकरण का निराकरण जल्दी हो जाएगा क्योंकि ट्रैक्टर मालिक की अपनी मजबूरी थी। बतलाया जाता है!कि उसे राजसात होने का भय दिखलाकर चुप कर दिया गया। इस ट्रैक्टर के पकड़े जाने के बाद रेत चोरों में विवाद की स्थिति भी निर्मित हुई थी कि साढ़े चार लाख रुपया प्रतिमाह एकत्रित होने के बाद भी वाहन पकड़ा जाना विवाद का कारण भी बना है। लेकिन उन्होंने कहा कि ऐसी पुनरावृत्ति अब नहीं होगी और फिर बेखौफ तरीके से रेत चोरी शुरू हुई जिसके लिए उन्होंने एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जिसमें हर अधिकारियों की लोकेशन एवं गतिविधियों के बारे में पल-पल की खबर अपडेट की जाती है, लेकिन बीती रात फासी ढाना जंगल की गोंद्र नदी से मंथली के दम पर आ रही रेत को मध्य रात्रि 3 से 4 के दरमियान तहसीलदार तामिया ने रेत ओवरलोड ले जा रहा ट्रैक्टर तामिया के समीप पकड़ा और उसे तामिया थाने में पुलिस अभिरक्षा में खड़ा करवाया इस तरह नेता बतलाकर अधिकारियों पर अपना दबाव बनाये हुए थे, उनकी पोल आखिर खुल गई इस तरह के नेताओं का झूठा रसूख आखिर सामने आ ही गया और अवैध रूप से रेत चोरों से मंथली लिए जाने की भी हकीकत सामने आई।

# दो किलो 300 ग्राम चांदी, दो बाइक सहित पकड़ाए चार आरोपी

### 26 जनवरी को रैकी कर दिया था घटना को अंजाम, सभी आरोपियों के विरुद्ध अलग अलग थानों में दर्ज हैं अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

देहात थाना पुलिस ने दो किलो 300 ग्राम चांदी, दो बाइक सहित चार आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। वहीं तीन आरोपी अभी फरार है। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

मिली जानकारी के अनुसार आवेदक ओमचन्द पिता हरलाल सोनी उम्र 70 साल निवासी गांगीवाड़ा ने एफ. आई. आर लेख कराया की वह प्रत्येक सोमवार को ग्राम खंसवाडा साप्ताहिक बाजार में सोना चांदी की दुकान लगाता है दिनांक 26.01.2026 दिन सोमवार को ग्राम खंसवाडा में साप्ताहिक बाजार में जहां अपनी टीव्हीएस एक्सल 100 मोपेड गाडी नम्बर MP28SE5671 से सोना चांदी के जेवर थैला में रखकर ग्राम खंसवाडा बाजार गया था, बाजार समाप्त होने के बाद अपनी टीव्हीएस एक्सल 100 मोपेड गाडी से वापस अपने घर गांगीवाडा आ रहा था शाम 05.45 बजे जैसे ही में भमाडा चौक से कुण्डाली खुर्द वाली रोड से बगीचा के पास पहुंचा उसी समय पीछे से दो मोटर साइकिल से चार व्यक्ति आये और मेरी टीव्हीएस एक्सल गाडी को साईड से टक्कर मारकर मुझे रोड पर गिया दिया और मुझे रोड के नीचे खींचकर ले गये और मारने पीटने लगे और मेरा सोना चांदी से भरा काले कलर का बैग जो



गाडी में टंगा था उसे छीनकर ले गए बैग के अन्दर सोने चांदी के जेवरात थे जिनकी कीमती करीब 300000/- (तीन लाख) रुपये थी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर चार अज्ञात आरोपियो के विरुद्ध अप.क्र. 50/26 धारा 309 (6) bns का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा शअजय पाण्डे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के निर्देशन में थाना प्रभारी देहात द्वारा त्वरित कार्यवाही कर अलग अलग टीम गठित की गई सायबर सैल से तकनीकी सहायता प्राप्त कर डिजिटल साक्ष्य के आधार पर घटना स्थल का पी. एस.टी. एन डाटा लिया गया पी.एस.टी.एन डाटा का अवलोकन करने पर देहात पुलिस द्वारा कुछ संदिग्धों को चिन्हित किया गया। पुलिस को सूचना मिली की प्रकरण में संदिग्ध आकाश मालवीय और राजेश मालवी जेवरों के बंटवारे को लेकर आपस में झगड रहे हैं जो पुलिस ने दोनों संदिग्धो को काराबोह डेम से अभिरक्षा में लेकर कडाई से पूछताछ की गई जो पूछताछ पर दोनों आरोपीगणों द्वारा सचिन सोनी निवासी सोनी मोहल्ला छोटी बाजार के द्वारा योजना बनाकर गांगीवाडा के सराफा व्यवसायी को अपने अन्य साथी बिलाल उर्फ बिल्ला खान, राजेश मालवी, आकाश मालवीय, कीकू उर्फ केकड़ा, राहुल रसियन, नैतिक उर्फ नैतू एवं एक नाबालिक के साथ मिलकर घटना स्थल पर रैकी कर घटना को अंजाम दिया गया सभी आरोपीगणों द्वारा परासिया रोड में स्थित एक सूने जंगल में जाकर लूटे हुए चांदी के जेवर आपस में बांट लिए थे एवं सोने के जेवर सचिन सोनी के कहने पर केकू उर्फ केकड़ा के पास रखवा दिए थे और सचिन सोनी द्वारा अन्य आरोपीगणों से यह कहा गया था की सोने का रेट जैसे ही बढ़ेगा।

#### गिरफ्तार आरोपी

(1) सचिन पिता गोविन्द सोनी उम्र 27 वर्ष निवासी सोनी मोहल्ला छोटी बाजार छिन्दवाडा थाना कोतवाली
(2) राजेश पिता गोपाल मालवी उम्र 25 वर्ष निवासी काशीनगर थाना देहात
(3) आकाश पिता कुमेर मालवीय उम्र 23 साल निवासी काशीनगर थाना देहात
(4) विलाल पिता मुस्ताक खान उम्र 26 साल निवासी विसु नगर थाना देहात
(5) एक विधि उलंघ्धन कर्ता बालक निवासी महुआ टोला थाना देहात

#### फरार आरोपी

(1) शेखर उर्फ केकू उर्फ केकड़ा भारती निवासी चांदामेटा (2) नैतिक उर्फ नेता निवासी परतला थाना देहात (3) राहुल रसियन निवासी परतला थाना देहात

पूर्व आपराधिक रिकार्ड:- (1) राजेश पिता गोपाल मालवी निवासी काशीनगर के विरुद्ध पूर्व में थाना देहात में अप.क्र. 53/24 धारा 34 ए आब.एक्ट, 174/24 धारा 294,323,324,427,452,506,34 भादवि, 605/24 धारा 34 ए आब.एक्ट, 164/25 धारा 296,115(2),351(3),3(5) **bns**, 373/25 धारा 13 जुआ एक्ट
(2) आकाश पिता कुमेर सिंह मालवीय निवासी काशीनगर के विरुद्ध थाना देहात में अप.क्र. 445/20 धारा 294,325,324,34 भादवि 3(1)द,3(1)घ,3(2) (**v-a**)**sc/st** एक्ट, अप.क्र.373/25 धारा 13 जुआ एक्ट
(3) बिलाल उर्फ बिल्ला पिता पप्पू उर्फ मुस्ताक खान के विरुद्ध थाना देहात में अप.क्र. 145/22 धारा 294,323,324, 341, 363, 365,506,34 भादवि 3(1), 3 (1)घ,3 (2) (**v-a**) **sc/st** एक्ट, का कायम किया गया है।
(4) सचिन पिता गोविन्द प्रसाद सोनी निवासी छोटी बाजार छिन्दवाडा के विरुद्ध थाना कुण्डीपुरा में अप.क्र. 664/25 धारा 13 जुआ एक्ट, अप.क्र.903/25 धारा 13 जुआ एक्ट

#### बरामद मशरुका

(1) चांदी की पायल 24 जोडी (2) चांदी की बिछिया 98 नग (3) चांदी की चैन (09 नग (4) चांदी के छोटे कुंदे 54 नग (5) चांदी की अंगूठी 55 नग (6) चांदी की हाय 19 नग (7) चांदी का करधन 01 नग (8) चांदी की बाली 17 नग (9) चांदी के लॉकेट 6 नग
कुल वजनी 02 किलो 300 ग्राम कीमती करीबन 600000/- (छः लाख रुपए)
एक पल्सर मो.सा. क्र. **MP**28**MU**1598 कीमती करीबन 150000/-
एक बिना नम्बर की पल्सर मो.सा. कीमती करीबन 150000/-
कुल मशरुका करीबन 900000/- (नौ लाख रुपए)

**विशेष भूमिका:** निरीक्षक जी. एस. राजपूत थाना प्रभारी देहात, उनि दुर्गेश तिवारी, सउनि संदीप राजपूत, आर. 779 सौरभ बघेल, आर. 275 सूरज, आर. 148 शेरसिंह, आर, 556 अर्जुन, आर. 1077 आशीष, आर. 414 ब्रजेश आर. 836 उमेश, आर. 870 पन्नालाल, थाना देहात, सायबर सैल से आर. आदित्य रघुवंशी, आर. नितिन सिंह, आर. अभिषेक ठाकुर, आर. अंकित शर्मा, की विशेष भूमिका रही।

## बानाबाकोड़ा-पिपला की सड़क पार करता दिखा तेंदुआ

**सौंसर।** पिपलानारायणवार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बानाबाकोड़ा-पिपला मार्ग पर उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने दोपहर के समय एक तेंदुए को सड़क पार करते हुए देखा। तेंदुए की सक्रियता की खबर फैलते ही पूरे इलाके में डर का माहौल है।उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व ही स्थानीय किसान अरुण गायकवाड़ के खेत में तेंदुए ने हिंसक हमला किया था। कोठे (पशुशाला) में बंधी गाय को तेंदुआ करीब 35 फीट दूर घसीट ले गया और उसे अपना निवाला बना लिया। गाय का शरीर क्षत-विक्षत अवस्था में मिला था। क्षेत्र में तेंदुए के द्वारा मूवमेंट की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। निरीक्षण के दौरान पशुशाला और आसपास के खेतों में तेंदुए के स्पष्ट पद-चिह्न (पगमार्क) मिले हैं, जिससे क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि हो गई है। वन विभाग के एसडीओ प्रमोद चोपड़े ने बताया कि बना बकोड़ा पीपला क्षेत्र में तेंदुए का मूवमेंट बना हुआ है बानाबाकोड़ा पीपला सड़क पर करते हुए तेंदुए को ग्रामीणों के द्वारा देखने की शिकायत मिलने के बाद में कन्हान और सौसर रेंज के वन विभाग के अधिकारियों की टीम में सर्चिंग के लिए रवाना की गई है। साथ ही ग्रामीणों और किसानों के लिए सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए हैं।वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा क्षेत्र में की जा रही गस्त के दौरान रात के समय खेतों में अकेले जाने से पूरी तरह बचने,खेतों में बने मकानों या झोपड़ियों में रहने वाले लोग विशेष सावधानी बरतने, के निर्देश दिए जा रहे हैं। इधर दोपहर में सड़क पार करने करते हुए तेंदुए को ग्रामीणों के देखने के बाद में अब तेंदुए की दहशत को लेकर ग्रामीणों में दर बढ़ गया है,तेंदुए के लगातार देखे जाने और मवेशी के शिकार के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश और भय है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि किसी जनहानि को रोकने के लिए क्षेत्र में जल्द से जल्द पिंजरा लगाया जाए और तेंदुए को पकड़ा जाए। फिलहाल, रात के समय खेतों की रखवाली के लिए जाने वाले किसान काफी डरे हुए हैं।



### श्रद्धालुओं से मनमाना बस किराया वसूलने की साजिश

# परिवहन विभाग की सूची में भारी गड़बड़ी, लापरवाही से जारी की सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

महाशिवरात्रि के अवसर पर पचमढ़ी के चौरागढ़ में लगने वाले प्रसिद्ध महादेव मेले में शामिल होने देशभर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। चौरागढ़ दर्शन के लिए जुन्नारदेव तहसील स्थित भूरा भगत पहला प्रमुख पड़ाव होता है, जहां श्रद्धालु पूजा-अर्चना के उपरांत चौरागढ़ पहाड़ी पर स्थित भगवान शंकर की प्रतिमा के दर्शन के लिए प्रस्थान करते हैं। मेले में महाराष्ट्र एवं विदर्भ से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या सर्वाधिक रहती है। अनुमान के अनुसार लाखों श्रद्धालु हजारों निजी वाहनों और बसों के माध्यम से भूरा भगत पहुंचते हैं।श्रद्धालुओं की सुविधा के



| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | [illegible] से भूराभगत | 170 | 212 |
| 11 | [illegible] से भूराभगत | 162 | 202 |
| 12 | [illegible] से भूराभगत | 156 | 194 |
| 13 | [illegible] से भूराभगत | 149 | 186 |
| 14 | [illegible] से भूराभगत | 139 | 174 |
| 15 | [illegible] से भूराभगत | 129 | 161 |
| 16 | [illegible] से भूराभगत | 112 | 140 |
| 17 | [illegible] से भूराभगत | 107 | 134 |
| 18 | [illegible] से भूराभगत | 97 | 121 |
| 19 | [illegible] से भूराभगत | [illegible] | 110 |
| 20 | तामिया से भूराभगत | 83 | 104 |
| 21 | [illegible] से भूराभगत | 74 | 95 |
| 22 | [illegible] से पचमढ़ी | 64 | 80 |
| 23 | [illegible] से पचमढ़ी | 34 | 42 |
| 24 | [illegible] से पचमढ़ी | 30 | 37 |

नाम पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा पांढुर्णा से कुआं बादला तक बस किराया सूची जारी की गई है, लेकिन इस सूची में दूरी और किराए को लेकर गंभीर विसंगतियां सामने आई हैं। तामिया से भूरा भगत की वास्तविक दूरी मध्यप्रदेश सड़क परिवहन निगम के मापदंड अनुसार लगभग 35 किलोमीटर है, जबकि परिवहन विभाग की किराया सूची में इसे 104 किलोमीटर दर्शाकर अधिक किराया निर्धारित किया गया है।इसी तरह कुआं बादला से भूरा भगत की वास्तविक दूरी करीब 25 किलोमीटर है, लेकिन विभागीय सूची में इसे 74 किलोमीटर दर्शाते हुए 95 रुपये बस किराया तय किया गया है। इस भारी अंतर से यह आशंका जताई जा रही है कि किराया सूची बस संचालकों को अनुचित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से तैयार की गई है, जिसका सीधा भार श्रद्धालुओं पर पड़ रहा है।श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्रीय परिवहन विभाग से मांग की है कि दूरी और किराए की सूची में तत्काल सुधार किया जाए तथा तय मापदंडों के अनुसार ही बस किराया निर्धारित किया जाए, ताकि शिवरात्रि के पावन अवसर पर आने वाले भक्तों से मनमानी वसूली पर रोक लग सके।

## चौरई जनपद की ग्राम पंचायतों के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने बैठक कर विधायक सुजीत चौधरी एवं जनपद सीईओ को दिया ज्ञापन

# 12 को हड़ताल का ऐलान, ग्राम पंचायतों में पानी सप्लाई रहेगी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

ब्लाक की ग्राम पंचायतों में कार्यरत सैकडों चौकीदार, पंप आपरेटर, भृत्य, सफाईकर्मियों ने स्टेडिम मंच पर जिला अध्यक्ष राजू कुडापे, ब्लाक अध्यक्ष राजेश यादव की अध्यक्षता में बैठक कर विधायक सुजीत चौधरी एवं जनपद पंचायत सीईओ को वेतन बढाने, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का दर्जा दिए जाने की मांग के लिए ग्यापन दिया, मांग पूरी नहीं होने पर 12 फरवरी को हडताल कर कलेक्ट्रेट के घेराव का आव्हान किया।

बैठक में अस्थाई आउटसोर्स कर्मचारी मोर्चा मप्र के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा, ब्लॉक बिछुआ अध्यक्ष राम प्रसाद उईके एवं जयकुमार ऐन कुमार, बंटी भैया सहित बडी संख्या में ग्राम पंचायत चौकीदार भृत



सफाई कर्मी पम्प चालक शामिल रहे।बैठक के बाद कर्मचारियों ने विधायक कार्यालय पहुंचकर विधायक सुजीत चौधरी को ग्यापन देकर शासन तक मांगे पहुंचाने का आग्रह किया, उन्होंने विधानसभा के बजट सत्र में चर्चा करने की बात कही साथ ही मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांगें पूरी करने हेतु ग्यापन प्रेषित किया। जनपद कार्यालय पहुंचे जहां सीईओ महोदय को ग्यापन दिया, जिसमें वेतन बढाने, ग्राम पंचायत का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बनाए जाने की मांग की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजू कुडापे ने कहा कि शासन के आदेश पर नियुक्त हुए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को ग्राम पंचायतें मात्र 2-3 हजार रूपए वेतन देती हैं जबकि सरकार का आदेश निर्देश न्यूनतम वेतन देने का है, जो 12,500 रूपए है, इस तरह इन कर्मचारियों के वेतन से 8-9 हजार रूपए महीने की चोरी हो रही है, जिसे रूकवाने और पूरा वेतन दिलाने का संघर्ष करना होगा, जिसके लिए 12 फरवरी को हड़ताल करें और कलेक्ट्रेट के घेराव में शामिल होने छिंदवाड़ा पहुंचे।

बैठक में बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने कहा कि सरकार पूरी तरह ग्रामीण गरीबों, श्रमिकों का रोजगार खत्म कर उन्हें अधिकारविहीन बना रही है, न्यूनतम वेतन नहीं देना, मनरेगा को खत्म करना, श्रम कानूनों को बदलना, चौथे, तृतीय दर्जे की नौकरियां ठेके पर देना सरकार के निर्णय गरीब मजदूर विरोधी हैं, ऐसा मुगलकाल में था, जब श्रमिकों के लिए कोई अधिकार नहीं थे, अब केंद्र राज्य सरकार श्रमिकों से सभी अधिकार छीनकर मुगलकाल में पहुंचा रही है। इसके खिलाफ संघर्ष करना हर गरीब मजदूर की जिम्मेदारी हो जाती है, 12 फरवरी की हड़ताल में शामिल होकर सरकार को अपनी ताकत दिखाएं।

## सादगी पूर्ण भावभीनी विदाई समारोह सम्पन्न



**दमुआ।** शिक्षा जगत मे अपनी खास पहचान बनाने वाले शास.उ.मा.वि. नंदन संकुल के प्राचार्य श्री आर.के.दुबे जी ने सफलता पूर्वक अपनी सर्विस का कार्यकाल पूर्ण करते हुए 38 वर्ष के पश्चात दिनांक 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो गये इस अवसर पर शा.उ.मा.वि. संकुल नंदन के समस्त शिक्षक शिक्षिकाऐं एवं स्टाफ की ओर से विद्यालय नंदन परिसर में 31 जनवरी के सादगी पूर्ण भावभीनी विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजि किया गया था जहां शिक्षा विभाग के अधिकारी, ए.डी. साहब, बी.ओ. जुन्नारेदव ओ.पी. जोशी बी.आर.सी. सहित शिक्षा विभाग के अधिकारीगण और प्राचार्य , प्रभारी प्राचार्य, शिक्षक शिक्षिकागण , अतिथि शिक्षक एवं समस्त स्टाफ जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक राजनैतिक पार्टी से जुडे पदाधिकारीगण विधायक जुन्नारदेव, अ.ज.जा.आयोग सदस्य, न.पा. पार्षदगण, सभापति उपाध्यक्ष और पत्रकार बन्धुगण की गरीममयी उपस्थिति में बिदाई समारोह कार्यक्रम में शास. उ.मा. वि. नंदन संकुल के प्राचार्य श्री रमांकात दुबे जी ने शिक्षा विभाग के जनजातीय कार्य में 38 वर्ष 26 दिन सम्पूर्ण अपनी इमानदारी कर्तव्य निष्ठा से पालन करने हेतु उपलब्धि हासिल की और क्षेत्र एव विद्यालय का नाम गौरान्वित किया इस अवसर पर सभी उनका पुष्पमालओ , शाल श्रीफल भेट कर भव्य स्वागत सत्कार भी किया उदबोधन की कडी में सर्व प्रथम ओ.पी. जोशी बी.ओ जुन्नारदेव द्वारा श्री दुबे जा का कर्तव्यनिष्ठा के साथ करने वाले प्राचार्य की सराहना की , ए.डी. साहब द्वारा अपने उद्बोधन में सेवानृित्त श्री आर.के दुबे द्वारा किये गये कार्यो की सराहना की क्षेत्र के विधायक ने अपने उद्बोधन में श्री दुबे जी के कार्यो की सराहना करने हुए उनक मंगलमय जीवन की शुभकामनाऐं दी। उक्त कार्यक्रम मे स्कूल विद्यार्थियो के द्वारा रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया जबकि श्री दुबे जी के सेवानिवृत्त होने के मौके पर उन्हे शिक्षक शिक्षिका स्टाफ के द्वारा बाजे गाजे के साथ उनके निवास से नगर का भ्रमण कराते हुए स्कूल प्रांगण तक ले जाया गया तथा भव्य स्वागत किया गया। अतं में सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। साथ पूर्व सेवा निवृत्त शिक्षक साबूलाल पाल, अमरलाल सातनकर एव सकुन मेडम को भी भावभीनी विदाई देते हुए फूल मालाओ से स्वागत किया।

## जंगल में चल रहे जुआ फड़ पर पुलिस का छापा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। ग्राम जामलापानी के पास जंगल में चल रहे जुआ फड़ पर पुलिस ने देर रात दबिश देकर सात जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, थाना मोहगांव पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना मिली थी कि जामलापानी के जंगली इलाके में कुछ लोग बड़े पैमाने पर जुआ खेल रहे हैं। सूचना की तस्दीक करते हुए पुलिस टीम ने देर रात बताए गए स्थान की घेराबंदी की और अचानक रेड मारी। पुलिस की इस कार्रवाई में मौके से 15,800 रुपये नकद, 52 ताशपत्ती, एक तिरपाल और एक बड़ी टॉर्च बरामद की गई है। इसके अलावा, घटनास्थल के पास के रास्ते से दो कार और दो मोटरसाइकिलें भी लावारिस हालत में मिलीं, जिन्हें पुलिस ने संदिग्ध मानकर जब्त कर लिया है। पुलिस ने मौके से शकील शेख, अमजद शेख,विशाल गजभिए, पंकज धुर्वे राहुल मदनकर, अभिषेक डोले, कुणाल सल्लाम आदि आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## देवांगन' शब्द हटाने कोष्टि समाज ने सौंपा ज्ञापन

**सौसर।** अपनी मूल पहचान और संवैधानिक अधिकारों को लेकर कोष्टि समाज अब मुखर हो गया है। कोष्टि समाज के सदस्यों ने एकजुट होकर मध्य प्रदेश शासन के नाम तहसीलदार भावना मलगाम को ज्ञापन सौंपा। समाज की स्पष्ट मांग है कि अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी के अंतर्गत जारी होने वाले जाति प्रमाण पत्रों में 'कोष्टि' शब्द के साथ जोड़े जा रहे '(देवांगन)' शब्द को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए।ज्ञापन सौंपने पहुंचे समाज के वरिष्ठ नागरिक एवं पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष सुखमण बेण्डे पूर्व पार्षद किशोर बागड़े और युवाओं ने बताया कि कोष्टि जाति की अपनी एक विशिष्ट ऐतिहासिक और सामाजिक पहचान है। शासन द्वारा प्रमाण पत्रों में 'कोष्टि' के साथ 'देवांगन' शब्द जोड़कर दिया जा रहा है, जिसका समाज कड़ा विरोध कर रहा है। बुनकर समुदाय का कहना है कि उनकी मूल पहचान केवल 'कोष्टि' है और इसमें किसी भी प्रकार का अनचाहा बदलाव उन्हें स्वीकार नहीं है।। बड़ी संख्या में तहसील कार्यालय पहुंचे समाज जनों ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। समाज के प्रतिनिधियों ने चर्चा के दौरान कहा कि इस तकनीकी शब्द के जुड़ने से भविष्य में युवाओं को कई प्रकार की विसंगतियों का सामना करना पड़ सकता है। समाज ने शासन को चेतावनी भरे लहजे में संदेश दिया है कि उनकी पहचान के साथ छेड़छाड़ न की जाए और जो उनकी मूल जाति है, वही प्रमाण पत्रों में अंकित की जाए।ज्ञापन में जाति प्रमाण पत्रों से '(देवांगन)' शब्द को तुरंत विलोपित (हटाया) किया जाए।

## छिंदवाड़ा के नितिन भोपाल के साद खान बनें मध्यप्रदेश चैंपियन ऑफ चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



31 जनवरी को परासिया में आयोजित मध्य प्रदेश बॉडीबिल्डिंग, मेंस फिजिक एवं बॉडीबिल्डिंग क्लासिक चैंपियनशिप का भव्य रूप से समापन हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन जिला बॉडीबिल्डिंग एवं फिजिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में एफ-3 जिम के संचालक सिद्धार्थ मुखर्जी द्वारा आयोजित मध्य प्रदेश बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष रविकांत अहिरवार एवं सचिव मो. शफीक खान के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिला बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन सचिव विक्रांत अहिरवार ने बताया कि प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा के नितिन रघुवंशी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैंस फिजिक चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब जीता, वहीं भोपाल के साद खान ने बॉडीबिल्डिंग एवं बॉडीबिल्डिंग क्लासिक चैंपियन ऑफ चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि मारकंडे सूर्यवंशी, बल्लू नागी, उदिता यादव, सोनू पंडित, भूपेंद्र डेहरिया , रिंपी खंडूजा, बॉबी खंडूजा , निर्मल रहा जी मनोज खेलबाड़ी , प्रवीण नासेरी, नरेंद्र सोनारे, अरविंद सेठिया, सतीश काटेकर एवं अविनाश सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया। निर्णायक एवं ऑफिसियल की भूमिका में अंतरराष्ट्रीय जज रविकांत अहिरवार, मो. शफीक खान, आशीष जैन, मकबूल दयावान एवं विक्रांत अहिरवार , ऑफिसियल गोविंद चौहान, राजा बुनकर ,पूजा तिवारी ,आशु खान, पवन यादव शामिल रहे।मुख्य परिणाम इस प्रकार रहे बॉडीबिल्डिंग टाइटल : चैंपियन – साद खान (भोपाल) बेस्ट पोजर – नितिन रघुवंशी (छिंदवाड़ा) बेस्ट मस्कुलर – यासीन शाह (छिंदवाड़ा) बेस्ट इंप्रूव बॉडी – राजदीप नागले (बुरहानपुर)मैंस फिजिक टाइटल* चैंपियन – नितिन रघुवंशी (छिंदवाड़ा)* फर्स्ट रनर-अप – यासीन शाह (छिंदवाड़ा) सेकंड रनर-अप – राजदीप नागले (बुरहानपुर) थर्ड रनर-अप – सागर (होशंगाबाद)बॉडीबिल्डिंग क्लासिक* चैंपियन – साद खान* फर्स्ट रनर-अप – नितिन रघुवंशी* सेकंड रनर-अप – राजदीप नागलेग्रुप चैंपियनशिप परिणाम55 किग्रा – सर्वेश गायकवाड (प्रथम)60 किग्रा – आज़ाद खान (प्रथम)65 किग्रा – शिवम जैन (प्रथम)70 किग्रा – यासीन शाह (प्रथम)75 किग्रा – साद खान (प्रथम)80 किग्रा – राजदीप नागले (प्रथम)85 किग्रा – नितिन रघुवंशी (प्रथम)85+ किग्रा – सुमित यादव (प्रथम)कार्यक्रम का विशेष आकर्षण महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पूजा तिवारी द्वारा प्रस्तुत बॉडीबिल्डिंग प्रदर्शन रहा, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

## छात्रों ने एक पेड़ मां के नाम पर लिखा निबंध

**छिन्दवाड़ा ।** पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने और मानव जीवन को संरक्षित करने के लिए हम सभी को एक जुट होकर अधिक से अधिक पौधों का रोपण हमे करना होगा । पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए माय भारत छिंदवाड़ा के तत्वावधान मे छिंदवाड़ा विकास खंड के ग्राम माल्हनवाडा हाई स्कूल मे एक पैड़ मां के नाम पर आधारित निबंध प्रतियोगिता जिला युवा अधिकारी सुषमा गवली के मार्ग दर्शन मे आयोजित की गई । कुकडा ग्राम उत्थान समीति के संयोजक श्यामल राव ने छात्रो को सम्बोधित करते हुये कहा की वायुमंडल मे कार्बन डाईआक्साइड की मात्रा दिनो दिन बढ़ते चली जा रही हे इसे कम करने के लिए हमे अधिक से अधिक पौधा रोपण करना होगा , तभी हमारे परिसर का वातावरण शुद्ध रहेगा । इस अवसर पर ,अपूर्वा फांउडेशन के अध्यक्ष संजय साहू ने भी अपने विचार रखते हुये कहा की पेड़ मानव जीवन को सुरक्षित रखने संजीवनी का कार्य करता हे ,इसलिए पेड़ो को बचाये रखने हमे आम जनो को जागरूक करना होगा प्राचार्य राजेंद्र तिवारी ने बताया की माय भारत छिंदवाड़ा के द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता मे 75 छात्रो ने भाग लिया ,भाग लेने वाले छात्रो मे प्रथम स्थान पायल डेहरिया, आफरी शाह,अयान शाह, द्वितीय स्थान, ओर तृतीय स्थान पर आये छात्रो को उपस्थित अतिथियों के हस्ते पुरुस्कृत किया गया । आयोजन को सफल बनाने मे शिक्षक राजेंद्र कुकड़े,श्रीपाल उईके, वंदना लोखंडे का सराहनीय सहयोग रहा।

## अर्जुननाला में ढाबे से पकड़ा शराब का जखीरा



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी शहर के अर्जुननाला में रेलवे ओवर ब्रिज से कुछ दूरी पर ढाबे में पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर बड़ी मात्रा में विदेशी शराब पकड़ी है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी राजेश देशमुख पर कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार की देर पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस को यहां से ग्रामीण अंचल में संचालित होने वाली एक शराब दुकान में बिकने वाली विदेशी शराब की बड़ी मात्रा में शराब मिली हैं। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार राजेश देशमुख ने मंगलेगांव से सस्ते दाम में यह शराब खरीदकर लाई थी। जिसे अपने ढाबे में बेच रहा था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ढाबे में ग्रामीण अंचल से लाई गई विदेशी शराब अवैध तरीके से बेची जा रही है जिसके बाद पुलिस ने तत्काल पुरे मामले को वरिष्ट अधिकारियों के संज्ञान में लाकर कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस ने सोमवार की शाम ढाबे में दबिश दी जहां से थैलें और एक बोरी में

## विद्यार्थियों ने किया नवीन प्राचार्य श्रीमती गौतमा कठाणे का भव्य स्वागत

# शासकीय महाविद्यालय लांजी में भावपूर्ण विदाई एवं स्वागत समारोह संपन्न

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** शासकीय महाविद्यालय लांजी के लिए आज का दिन भावनाओं से भरा और ऐतिहासिक रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य रेवाराम सोनवाने अपनी दीर्घकालीन, समर्पित एवं प्रेरणादायी सेवाओं के उपरांत सेवा निवृत्त हुए। उनके कार्यकाल में महाविद्यालय ने शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं अनुशासनात्मक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की, जिसे सदैव स्मरण किया जाएगा।सेवा निवृत्ति के पश्चात क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक द्वारा महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. गौतमा कठाणे को शासकीय महाविद्यालय लांजी की नवीन प्राचार्या के रूप में नियुक्त किया गया। उनके प्राचार्य पद का कार्यभार ग्रहण करने पर महाविद्यालय परिवार में उत्साह और नई ऊर्जा का संचार देखने को मिला।इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा नवीन प्राचार्या डॉ. गौतमा कठाणे का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं। विद्यार्थियों ने आशा व्यक्त की कि उनके कुशल मार्गदर्शन में महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा।



शासकीय महाविद्यालय लांजी में प्राचार्य श्री सोनवाने की सेवानिवृत्ति पर एक भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्टाफ और छात्रों ने उनके महाविद्यालय के प्रति समर्पित सेवाओं व उच्च शिक्षा के प्रति योगदान की प्रशंसा की। कार्यक्रमों में उनकी सरलता, अनुशासन और छात्रों के विकास के लिए की गई पहलों को याद किया गया।वहीं, सेवा निवृत्त प्राचार्य रेवाराम सोनवाने जी को विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा नम आँखों से भावपूर्ण विदाई दी गई। विद्यार्थियों ने उनके स्नेहपूर्ण व्यवहार, अनुशासनप्रिय नेतृत्व एवं महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। विदाई समारोह के दौरान उपस्थित सभी लोग भावुक हो उठे।महाविद्यालय परिवार ने रेवाराम सोनवाने जी के उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखद भविष्य की कामना की तथा नवीन प्राचार्या डॉ. गौतमा कठाणे के नेतृत्व में महाविद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की आशा व्यक्त की।इस कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के स्टाफ से प्रो. सपना शेंडे, प्रो. अंजली सोनी, लायब्रेरियन जसपाल सिद्धू, विद्यार्थियों में कल्याणी खोंगल, उमा नगपुरे, आरती पटले, दिव्या पटले, रेशमी ऊरूडे, माही फाय, नेहा बहने, सोनल लाड़े, रानी कारे, कमलेश गुर्दे, ललित भरने, पवन कश्यप, सफीक खान पूर्व छात्र रफीक खान सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## शास. महाविद्यालय किरनापुर में हुआ जिला स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** स्व. दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय, किरनापुर में उच्च शिक्षा विभाग खेल कैलेंडर अनुसार जिला स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता का आयोजन 03 फरवरी 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस खेल प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी एकलव्य एवं विक्रम पुरस्कार विजेता सुश्री निधि नन्हेट रहीं। उन्होंने



अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को खेलों के माध्यम से अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण खेल प्रतियोगिताएँ प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री रामकुमार राणा ने की। उन्होंने महाविद्यालय द्वारा खेल गतिविधियों के निरंतर आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनीता जैन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. तीरथ सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम प्रभारी श्री शशांक नेवारे एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ लीलाधर चचानें ने कार्यक्रम का सफल आयोजन में विशेष सहयोग दिया।प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला तथा विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। एवं संभाग स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता के लिए खिलाडियों का चयन किया गया। अंत में अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों में खेल भावना एवं टीम वर्क को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध हुआ।

## वार्ड क्रमांक 10 के ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

# ग्राम बिसोनी में नगर परिषद की मनमानी का विरोध

हरिभूमि न्यूज लांजी।

ग्राम पंचायत बिसोनी के वार्ड क्रमांक 10 के ग्रामीणों ने नगर परिषद लांजी के द्वारा अवैध पाइपलाइन खुदाई के विरोध में क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे को ज्ञापन सौंपा।ग्राम पंचायत बिसोनी में स्थित बाजार चौक में बनी पानी टंकी से पूर्व की दिशा की ओर नगर परिषद द्वारा पाइपलाइन की व्यवस्था की जा रही है। जिसमें नगर परिषद के द्वारा बगैर रोड एवं भूमि स्वामी हक की भूमि से बगैर नाप करें एवं ग्राम पंचायत बिसोनी से बिना एनओसी लिए अनावश्यक रूप से बने मकानों के बीच से खुदाई कर पाइपलाइन बिछाने हेतु खुदाई कार्य किया जाना है।ग्रामीणों ने बताया कि रोड के दूसरी ओर शासकीय भूमि है एवं पानी निकासी हेतु नाली बनी हुई है उसी स्थान पर खुदाई कर पाइपलाइन कार्य करते हैं



तो वह संभवत उचित व न्यायोचित होगा। नगर परिषद की मनमानी को रोकने के लिए वार्ड वासियों ने क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे, लांजी एसडीएम, तहसीलदार, ग्राम पंचायत बिसोनी कार्यालय से गुहार लगाई है कि इस कार्य को तत्काल रुकवाया जाए और इस कार्य के लिए कोई दूसरी व्यवस्था बनाई जाए।ज्ञापन सौंपने में वार्ड नंबर 10 बाजार चौक बिसोनी के ग्रामीण केशोराव राणे, निखिल वानखेड़े, सफीक खान, जहांगीर खान, हितेश वानखेड़े, मदन लाल सोमनकर, कल्पना वानखेड़े, केशोराव दहीकर, रवि धनवले, जगन्नाथ आसटकर, संतोष पटले, अशोक पालीवाल, एस के उरकूड़े, पवन धुले, आर्यन कर्सर्फे, की उपस्थिति रही।

## बिलासपुर के एसएस बद्रर्स ने जीता पहला इनाम

# एक शाम अमर शहीदों के नाम डांस प्रतियोगिता हुई संपन्न

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** क्षेत्र की मार्यल नगरी तिरोड़ी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मानव एकता संस्था के द्वारा एक शाम अमर शहीदों के नाम डांस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगिता में छोटे कस्बे से



लेकर माया नगरी मुंबई के कलाकारों ने हिस्सा लिया। मानव एकता संस्था के पदाधिकारी जीतू अहीर ने प्रतियोगिता के परिणाम की जानकारी देते हुए बताया कि पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के एसएस बद्रर्स ने पहला इनाम जीता है। मुंबई के धीरज गुप्ता ने दूसरा, दिल्ली के अभिषेक दत्त ने तीसरा, भोपाल के रियल बदर्स ने चौथा और अंतिम पुरस्कार यानी पांचवा स्थान जैशमिन शेख ने पाया। "एक शाम अमर शहीदों के नाम" डांस प्रतियोगिता में देशभक्ति और सांस्कृतिक नृत्य के शानदार प्रदर्शन के साथ अमर शहीदों, महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी गई। क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी ने मां सरस्वती और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र का पूजन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ करवाया। उन्होंने मानव एकता संस्था की इस पहल की जमकर सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं को एक बेहतर मंच प्रदान करने के साथ उनके भीतर देश भक्ति का भाव भी जागृत करने का काम करते है। प्रतियोगिता में आए मेजबान कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया और समापन तक दर्शक डटे रहे। प्रतियोगिता के समापन पर मार्यल प्रबंधक मनीष ढोके ने पहला, महिला समाजसेवी नम्रता उपाध्याय ने दूसरा, पंच फिरोज खान ने तीसरा, मनीष सूर्यवंशी ने चौथा और पवन वैद्य ने पांचवा इनाम यानी नगद राशि भेंट की। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में मानव एकता संस्था के प्रमुख पदाधिकारियों के अलावा पूरी टीम का विशेष योगदान रहा।

## अंतिम ओवर में जीती दिल्ली, उपदेश बने मैन ऑफ द मैच

# उपदेश के तूफान से नागपूर ने दिल्ली को 2 विकेट से किया पराजित

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** ऑल इंडिया देवधर ट्रॉफी 2026 के मंगलवार को खेले गए प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में वीटीसीए नागपुर की



टीम ने एक रोमांचक व स्वासरोधक मुकाबले में अंतिम ओवर में एल बी शास्त्री दिल्ली को 2 विकेट से पराजित कर अगले चरण में प्रवेश कर लिया। दिल्ली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 198 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था, जो नागपुर के उपदेश राजपूत की धमाकेदार बल्लेबाजी के सामने बौना पड़ गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार उपदेश राजपूत को अतिथियों के हस्ते प्रदान किया गया।

टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एल बी शास्त्री की टीम ने अपना पहला विकेट जल्दी खो दिया था। लेकिन आयुष शंकर ने एक छोर से तेजतर्रार बल्लेबाजी का नजारा पेश करते हुए 42 गेंदों में 9 चौकों और 2 छक्कों की मदद से शानदार 59 रनों की पारी खेली। मध्यक्रम में देव्यांशु सिंह ने 33 रनों का उपयोगी योगदान दिया। उनके बाद मैच के अंतिम ओवरों में बल्लेबाजी करने आए शर्री ने विपक्षी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए मात्र 11 गेंदों पर 4 चौके व 2 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 31 रनों की तूफानी पारी खेली। जिससे दिल्ली का स्कोर 20 ओवर में 9 विकेट पर 198 रन तक जा पहुँचा।

नागपुर की तरफ से उत्कर्ष सिंघल और अध्ययन राऊथान ने 2-2 विकेट झटके, लेकिन वे रनों की गति पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे कप्तान अगम सिंह ने 3 ओवरों में 41 रन लुटाए, जो टीम के लिए काफी महंगे साबित हुए। विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी नागपुर की टीम की शुरुआत खराब रही और सिद्धेश दांडेवार 1 रन बनाकर जल्दी पवेलियन लौट गए। लेकिन इसके बाद मैदान पर उपदेश राजपूत का तूफान आया। राजपूत ने मात्र 54 गेंदों पर 95 रनों की अविश्वसनीय पारी खेली, जिसमें उन्होंने 6 चौके और 8 गगनचुंबी छक्के जड़े।

**खबर संक्षेप**

### मृत्यु के भय को दूर करके भगवान की और आगे बढ़ाती है श्रीमद्भागवत कथा -पं. हिमांशू शास्त्री

हरिभूमि न्यूज सिवनी।सिवनी। कान्हीवाड़ा बाजार चौक में सोमवार को श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान-यज्ञ के कथा वाचक पं. हिमांशू शास्त्री जी वृंदावन ने श्रद्धालुजनों को बताया कि श्रीमद्भागवत की कथा देवताओं को भी दुर्लभ है। यह भागवत की कथा भगवान की कृपा से प्राप्त हो पाती है।
उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत की कथा भगवान की प्राप्ति कराने वाली है। यह कथा मृत्यु के भय को दूर करके भगवान की और आगे बढ़ाती है और भक्ति के साथ-साथ हमारे ज्ञान वैराग्य को बल देती है। श्रीमद्भागवत की कथा में भक्तों की ऐसी दिव्य कथाएं हैं जिनको सुनकर हृदय में भक्ति का उदय होता है और साथ ही साथ मनुष्य के जीवन में सुधार होता है। वह मनुष्य अपना जीवन तभी पूर्ण कर सकता है जब वह भगवान की भक्ति करेगा।

# खुर्सीपार ग्राम की महिलाएं अवैध शराब ब्रिकी को लेकर खोला मोर्चा

## आक्रोशित महिलाओं ने पुलिस थाना छपारा पहुंच सौंपा ज्ञापन

**छपारा - नगर से लगे हुए ग्राम पंचायत खुर्सीपार सहित खुर्सीपार टोला में वर्तमान समय में जगह- जगह अवैध शराब एवं मादक पदार्थ गांजा से गांव के पुरुष नशेड़ी बन रहे हैं**



नशे की लत से गृहस्थी तबाह होते हुए देख मंगलवार 3 फरवरी को ग्राम पंचायत खुर्सीपार की महिला सरपंच श्रीमती वैजयंती मरावी सहित लगभग दो दर्जन से अधिक महिलाएं छपारा पुलिस थाना पहुंची जहां उन्होंने थाना प्रभारी खेमेंद्र कुमार जैतवार के नाम एक ज्ञापन सौंपा जिसमें खुर्सीपार ग्राम सहित खुर्सीपार टोला में खुलेआम अवैध शराब और गांजा बिक्री से गांव के छोटे-छोटे बच्चों सहित पुरुष वर्ग नशे में धुत्त होकर आए दिन वाद विवाद एवं महिलाओं से मारपीट की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं जिससे उनका जीना दुभर हो गया है। वहीं आक्रोशित महिलाओं ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द गांव में अवैध शराब सहित मादक नशीले पदार्थों पर रोक लगाने की अपील की है, यदि प्रशासन सख्त कार्यवाही नहीं करता है तो आगे आंदोलन करने पर ग्राम की महिलाएं मजबूर हो जायेंगी। साथ ही नशे की लत चलते कोई अनहोनी घटना होती हैं इसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी, अतः पुलिस प्रशासन से ठोस कार्यवाही किए जाने की उपस्थिति महिलाओं द्वारा मांग की गई है।

# प्रभारी मंत्री एवं खेल कल्याण मंत्री ने उचित मांगो का निराकरण करने का दिया आवश्वासन

केवलारी -बीते दिवस देवीसिंह बघेल जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा ,सुजीत राय जिला महामंत्री किसान मोर्चा का राजधानी प्रवास पर जिले के प्रभारी मंत्री करनसिंह वर्मा मंत्री राजस्व एवं विश्वास कैलाश सारंग मंत्री खेल कल्याण से मुलाकात कर शासकीय हाई स्कूल बोथिया , बगलई को हायर सेकेण्डरी में उन्नययन कराये जाने एवं स्टेडियम निर्माण के लिये पत्र दिया जिस पर संज्ञान लेते हुये प्रभारी ओर खेल कल्याण मंत्री ने निराकृत करने का आवश्वासन दिया है।जैसा कि मुख्यालय में संचालित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय को शासन ने सांदीपनि विद्यालय घोषित किया हुआ है। केवलारी विधान सभा 116 के मुख्यालय में हायर सेकेण्डरी तक की शिक्षा के लिये नगर परिषद क्षेत्र के बोथिया, बगलई हाई स्कूल के विद्यार्थीयों को कक्षा 11वीं एवं 12वीं का एक मात्र विद्यालय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय था। केन्द्रीयकृत शिक्षा व्यवस्था के चलते वर्ष 2021-22में सी०एम०राईज स्कूल में परिवर्तित होने से कक्षा 11 वी 12 वी मे सीटो की संख्या सीमित हो गयी है।सांदीपनि विद्यालय मे प्रवेश के बाद अतिरिक्त बचे कक्षा 11 के विद्यार्थीओ के लिये हायर सेकेण्डरी पढाई का विकल्प नहीं होने से क्षेत्र के बच्चों को 25 किलोमीटर दुर खैररांजी जाना पड रहा हैं हायर सेकेण्डरी शिक्षा के लिए मुख्यालय छोड़कर बहार जाना शिक्षा व्यवस्था मे सरकार की विफलता बता रहा है ।जबकि नगर परिषद के अंतर्गत बोथिया, बगलई हाईस्कुल संचालित है इनको उन्नयन कर हायर सेकेण्डरी मे किये जाने की महती आवश्यकता है साथ ही केवलारी क्षेत्र मे आयोजित होने बाली खेल स्पर्धा प्रतियोगिता के लिए सांदीपनि विद्यालय के खेल मैदान मे स्टेडियम का निर्माण कराया जाना अतिआवश्यक है क्योकि केवलारी विधानसभा मुख्यालय मे हमेशा अंतर्राज्यीय स्तरीय विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है ।सांदीपनि विद्यालय के खेल मैदान के किनारे से नैनपुर छिंदवाड़ा रेल लाईन होने ओपन परिसर होने से दर्शक रेल्वे ट्रेक में बेठ जाते है ऐसी परिस्थिति ना बने कि कभी कोई अप्रिय घटना घटे इसके लिऐ स्टेडियम का निर्माण अतिआवश्यक है।इन बिषयान्तर्गत मंत्रीयो को दिये पत्र के प्रतिउत्तर में मंत्री द्वय ने निराकृत करने का आवश्वासन दिया ।



# सड़क सुरक्षा माह 2026 समापन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

जिला सिवनी में विगत 01 माह से चालाये जा रहे सडक सुरक्षा माह के समापन कार्यक्रम का आयोजन आज दिनॉक जिला कलेक्टर श्रीमति शीतला पटले व पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता की उपस्थिति में एनएचएआई व यातायात पुलिस द्वारा छिंदवाडा रोड वायपास ओवर ब्रिज के पास किया गया जिसमें निम्न कार्यक्रम हुये सडक सुरक्षा माह समापन कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को सडक सुरक्षा व यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई । सडक सुरक्षा माह समापन कार्यक्रम में अरूणाचल पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा नुक्कड नाटक एवं अन्य रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जिसके माध्यम से आम लोगो में यातायात नियमों का पालन करने संबंधी शिक्षा दी गई । आयोजित कार्यक्रम में जिला कलेक्टर श्रीमति शीतला पटले व पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता द्वारा आमजनों को हेलमेट वितरित किये गये सिके उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया । सड़क सुरक्षा माह समापन कार्यक्रम में आकृति गुप्ता प्रोजेक्टर डारेक्टर छिंदवाडा एनएचएआई, कृष्णा मेंहदी एनएचआईटी ईस्टर्न प्रोजेक्टर प्राइवेट लिमिटेड, थाना प्रभारी यातायात विजय बघेल, थाना प्रभारी लखनवाडा चन्द्र किशोर सिरामे एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा ।



# नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्कूल गेट से लगी दुकानों पर मेहरबान नगरपालिका

## 500 मीटर दूर नगरपालिका दफ्तर, फिर भी स्कूल गेट पर अतिक्रमण

**सिवनी। शहर में अतिक्रमण हटाने को लेकर नगरपालिका की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जहां नगरपालिका की टीमें नियमित रूप से कचहरी चौक से एलआईसी ऑफिस तक कार्रवाई करती नजर आती हैं, वहीं नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्कूल गेट से लगी दुकानों और निजी बस स्टैंड परिसर के सामने वर्षों से जमे अतिक्रमण पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।**



हैरानी की बात यह है कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्कूल गेट से लगी अतिक्रमणकारी दुकानों की दूरी नगरपालिका कार्यालय से महज लगभग 500 मीटर ही है। इसके बावजूद यहां वर्षों से बने अतिक्रमण को हटाने में नगरपालिका अब तक नाकाम साबित हुई है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्कूल के मुख्य द्वार के पास अतिक्रमण के कारण विद्यार्थियों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। सुबह और शाम स्कूल समय के

**कचहरी चौक से एलआईसी ऑफिस तक ही सिमटी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई**

दौरान यहां भीड़ और अव्यवस्था बनी रहती है, जिससे बच्चों की सुरक्षा पर सीधा खतरा बना रहता है। नियमों के अनुसार स्कूल परिसरों के आसपास अतिक्रमण हटाना नगरपालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर आंखें मूंदे बैठे हैं।इसी तरह निजी बस स्टैंड के सामने बने अतिक्रमण के कारण बसों के खड़े होने और यात्रियों के आवागमन में परेशानी होती है। सडक़ पर अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है, जिससे आम लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।नगरवासियों का आरोप है कि नगरपालिका की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई केवल चुनिंदा क्षेत्रों तक सीमित होकर रह गई है। जिन स्थानों पर प्रभावशाली लोग या व्यावसायिक हित जुड़े हैं, वहां कार्रवाई से बचा जा रहा है। इससे आम जनता में असंतोष बढ़ता जा रहा है और नगरपालिका की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई वास्तव में जनहित में की जा रही है, तो इसे पूरे शहर में समान रूप से लागू किया जाना चाहिए। विशेषकर स्कूल, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थलों के आसपास अतिक्रमण को प्राथमिकता से हटाया जाना जरूरी है, ताकि यातायात सुचारू हो और दुर्घटनाओं की आशंका कम की जा सके।

# नहर की संकीर्ण पुलिया पर हो रही दुर्घटनाएं

## नहर की खाई में गिरने से बोलोरो वाहन बचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



कान्हीवाड़ा से बंडोल प्रधानमंत्री सडक़ मार्ग पर कान्हीवाड़ा, के पास भीमगढ़ डी तट नहर की संकीर्ण पुलिया पर अनियंत्रित होकर बोलोरो बाल बाल बची बोलेरो में बैठे सभी यात्रियों को ग्रामीणों ने बाहर निकाल जिन्हें मामूली चोट आई और रात्रि के समय लखनादौन से कान्हीवाड़ा, मैं सवारी को छोडक़र जा रही थी जहां नहर की संकीर्ण पुलिया जहां आए दोनों दुर्घटनाएं घटती रहती हैं वहां फिर एक बड़ी घटना होते-होते बची ड्राइवर की सूझबूझ से नहर की खाई में गिरने से बोलोरो गाड़ी बज गई इसके पूर्व में भी अनेकों घटनाएं घट चुकी है इस बात को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ नेता एम नईम खान प्रधानमंत्री सडक़ सहित जिला कलेक्टर से आग्रह किया है कि इस पुलिया में नहर की आए दोनों घटना घट रही हैं पुलिया की चौड़ाई किए जाने की मांग की है इस विषय पर प्रधानमंत्री सडक़ अधिकारियों को निर्देशित करने का आग्रह किया है समय रहते ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं ना घाट सके।

# डायल 112 की तत्परता से महिला की जान बची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

दिनांक 02.02.2026 को समय 14.47 बजे डायल112 पर प्राप्त सूचना के आधार पर एफआरबी टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक महिला को सुरक्षित उपचार उपलब्ध कराया गया। कॉलर ने बताया कि उसके पति द्वारा उसे कोई अज्ञात पदार्थ पिला दिया गया है, जिससे उसे चक्कर आ रहे हैं और तबीयत बिगड़ रही है। कॉल के दौरान 108 एम्बुलेंस की आवश्यकता भी बताई गई। सूचना मिलते ही एफआरबी को तत्काल रवाना किया गया। प्रारंभिक लोकेशन पर महिला उपस्थित नहीं मिली, जिस पर टीम द्वारा आसपास क्षेत्र में खोजबीन की गई। बाद में कॉलर द्वारा गांधी भवन, सिवनी का पता बताया गया। वहाँ पहुँचने पर



महिला के साथ दुव्र्यवहार की स्थिति पाई गई, जबकि आरोपी पति एफआरबी वाहन को देखकर मौके से फरार हो गया।
घायल महिला को तत्काल एफआरबी वाहन के माध्यम से जिला अस्पताल सिवनी में भर्ती कराया गया। महिला ने अपना नाम संजना बंशकार, पति संतोष बंशकार, उम्र 35 वर्ष, निवासी नैनपुर, वर्तमान पता गणेश चौक (ससुराल) बताया। महिला को आरक्षक मुकेश नवरती एवं पायलट कमलेश मरकाम द्वारा अस्पताल पहुँचाया गया। डॉक्टरों के अनुसार महिला की स्थिति स्थिर है एवं वह खतरे से बाहर है। इस संपूर्ण कार्रवाई में डायल 112 हेल्प डेस्क ऑपरेटर आर. इंद्रेश टेकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### इधर,सडक़ हादसे में घायल दो युवकों को डायल-112 की त्वरित कार्रवाई से समय पर उपचार उपलब्ध कराया गया



गत 01 फरवरी 2026 को समय 13:05 बजे डायल-112 को सूचना प्राप्त हुई कि नागंदेवरी मार्ग पर बंजारी घाटी से पहले दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गए हैं। सूचना मिलते ही डायल-112 की एफआरव्ही -17 तत्काल रवाना होकर 13:13 बजे मौके पर पहुँची। मौके पर तैनात स्टाफ द्वारा घायलों को प्राथमिक सहायता प्रदान कर शासकीय वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, धूमा लाकर सुरक्षित रूप से भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान मोहन उईके (18 वर्ष) एवं आकाश उईके (20 वर्ष) के रूप में हुई है। समय पर की गई कार्रवाई से घायलों को शीघ्र उपचार उपलब्ध हो सका।
इस सराहनीय कार्य में सै. 57 शीलचंद इड़पाचे, चालक अतुल सायलवार तथा डायल -112 हेल्प डेस्क ऑपरेटर अमन मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। डायल-112 की त्वरित, संवेदनशील एवं मानवतापूर्ण कार्रवाई आमजन के प्रति सेवा

### कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर अलोनीखापा के 40 युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता गृहण किया



केवलारी - विधायक ठाकुर रजनीश सिंह का विधानसभा मुख्यालय के ब्लॉक केवलारी का 6 दिवासीय दौरा कार्यक्रम मे दिनांक 30जनवरी को अलोनीखापा के 40 युवाओं ने कांग्रेस की विचारधारा ओर रजनीशसिंह के नेतृत्व को स्वीकार कर कांग्रेस की सदस्यता ली जिससे पोतालपानी के प्रदीप उइके ने तेंदुटोला पहूंचकर एवं अलोनीखापा के बबलू पटेल, शेख लाल बाहेश्वर, कमलेश कांवरे,महेन्द्र मरकाम, जीतेंद्र मरकाम, शुभम रजक, लक्ष्मण रजक, नंदलाल कांवरे,अंकित चौधरी,नीतू भांवरे,मिथुन भांवरे,राहुल दास, कंचन दास, भगवान दास, राम चरण विश्वकर्मा, प्रकाश मरकाम, भागचंद, झीनो विश्वकर्मा, दुर्गेश, रविंद्र इनवाती, संतकुमार बटटी, संतलाल यादव, सीताराम, उपेंद्र दास, विकास परते,पंचलाल झारिया, रंजीत दास,गोपाल, डुमन, सोनसिंह बटटी, प्रहलाद यादव, हेरेन बट्टी, सतीश इनवाती, देवलाल बरमैया, संतकुमार इनवाती, विकास दास, रविंद्र पाल, दिलीप झारिया,शिव परते ने सदस्यता ली।दौरा मे विधायक के साथ चल रहे सुभाष बघेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, श्रीमति दुलारी बाई कुमरे सदस्य जिला पंचायत, रमाशंकर महोबिया महासचिव जिला कांग्रेस,रवि बघेल सचिव जिला कांग्रेस, शुभम दयाल पटेल अध्यक्ष विधानसभा युवक कांग्रेस ,रामप्रकाश बघेल मंडलम अध्यक्ष, गंगा प्रसाद साहू, चंद्रकुमार बघेल ने कांग्रेस का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया ।

### विधायक दिनेश राय मुनमुन ने माना मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री का आभार

# जिले को मिली दो उपस्वास्थ्य केन्द्र भवनों के निर्माण की सौगात

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दिनांक 03/02/2026 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने उपस्वास्थ्य केन्द्रों की सौगात प्रदान करने पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डा मोहन यादव जी एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल के प्रति आभार व्यक्त किया। आज राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कलारबांकी एवं औरिया रैयत मे उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य हेतु 65-65 लाख की स्वीकृति प्रदान करने पर भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने विधानसभा क्षेत्र की जनता की ओर से प्रदेश सरकार के मुखिया के यशस्वी मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव जी एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार अंत्योदय के संकल्प के साथ कार्य कर रही है ग्रामीण क्षेत्रों मे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना भाजपा सरकार की प्राथमिकता है।
ज्ञात हो कि उपस्वास्थ्य केन्द्रों के निर्माण हेतु क्षेत्रीय जनों द्वारा विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी से मांग की जा रही थी। जिस पर श्री राय ने उक्त भवन निर्माण के लिए मुख्यमंत्री जी एवं विभागीय मंत्री जी को अवगत कराया और स्वीकृति के लिए आग्रह किया गया था।

## एसआईआर-2026:मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर रोल प्रेक्षक ने राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

# जिले में अब तक 95.76 प्रतिशत मतदाताओं के एन्यूमेरेशन फॉर्म का डिजिटलीकरण पूर्ण

**भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सिवनी जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) की प्रक्रिया सतत रूप से जारी है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इसी क्रम में सोमवार को जिले के लिए नियुक्त रोल प्रेक्षक, सचिव परिवहन विभाग एवं मध्यप्रदेश सुगम परिवहन सेवा निगम के प्रबंध निदेशक मनीष सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा की।
बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले, एसडीएम सिवनी श्रीमती पूर्वी तिवारी, एसडीएम बरघाट संदीप श्रीवास्तव सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।
रोल प्रेक्षक मनीष सिंह ने विधानसभा-वार प्रारूप मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं की संख्या, लिंगानुपात एवं ईपिक रेशियो का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित होना लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियाद है। इस हेतु 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के सभी पात्र युवाओं के नाम अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में जोड़े जाएं।
उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि एसआईआर के दौरान जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो पाई है अथवा जिनके एन्यूमेरेशन फॉर्म जमा नहीं हो सके हैं, उनकी सुनवाई के दौरान दस्तावेजों का परीक्षण कर पात्र पाए जाने पर नाम सूची में शामिल किए जाएं। साथ ही सभी राजनैतिक दलों से प्रत्येक मतदान केंद्र पर अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति सुनिश्चित करने का आग्रह किया। बैठक में बताया गया कि 23 दिसंबर 2025 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के अनुसार जिले में कुल 10 लाख 57 हजार 576 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 5 लाख 33 हजार 935 पुरुष, 5 लाख 23 हजार 630 महिला तथा 11 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। जिले में 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवा मतदाताओं की संख्या 12 हजार 332 है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान नाम जोडऩे हेतु 11 हजार 933 फॉर्म-6, नाम हटाने हेतु 1247 फॉर्म-7 तथा संशोधन हेतु 3881 फॉर्म-8 प्राप्त हुए हैं। इनमें से 5538 फॉर्म-6, 400 फॉर्म-7 तथा 1775 फॉर्म-8 का निराकरण किया जा चुका है।
जिले में कुल 1478 मतदान केंद्र हैं, जिनमें से 1407 केंद्रों पर भारतीय जनता पार्टी एवं 1384 केंद्रों पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए गए हैं।
बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि एसआईआर-2026 के अंतर्गत जिले में अब तक 95.76 प्रतिशत मतदाताओं के एन्यूमेरेशन फॉर्म का डिजिटलीकरण पूर्ण किया जा चुका है। वहीं 4340 मतदाता नो-मैपिंग श्रेणी में पाए गए हैं। इसके अतिरिक्त 40 हजार 972 मतदाताओं के एन्यूमेरेशन फॉर्म विभिन्न कारणों से जमा नहीं हो सके, जिनमें 13 हजार 762 मतदाता मृत, 5165 अनुपस्थित, 19 हजार 257 अन्य स्थान पर स्थायी रूप से निवासरत, 2648 के नाम अन्य स्थान की मतदाता सूची में दर्ज तथा 140 अन्य विविध कारणों से शामिल हैं।

# शिक्षक अशोक श्रीवास्त्री की सेवानिवृत्ति पर ऐतिहासिक विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

शिक्षा के क्षेत्र में लगभग चार दशकों तक निष्ठा, समर्पण और अनुशासन के साथ सेवाएं देने वाले उच्च श्रेणी शिक्षकअशोक श्रीवास्त्री शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर ग्राम सुकतरा के नागरिकों एवं सांदीपनी सी.एम. राइज विद्यालय सुकतरा परिवार द्वारा उन्हें भावपूर्ण एवं ऐतिहासिक विदाई दी गई। विदाई समारोह के दौरान श्री श्रीवास्त्री को पारंपरिक बग्गी में बैठाकर पूरे ग्राम का भ्रमण कराया गया। यह दृश्य अत्यंत भावुक कर देने वाला रहा, जहां शिक्षक, विद्यार्थी, अभिभावक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अपने प्रिय शिक्षक को विदा करते समय अनेक लोगों की आंखें नम हो गईं। सभी ने पुष्पवर्षा कर, माल्यार्पण एवं सम्मान पत्र भेंट कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।
ज्ञात हो कि शासकीय सेवा यात्रा के दौरान शिक्षक अशोक श्रीवास्त्री ने अपने शासकीय सेवाकाल की शुरुआत वर्ष १९८५ से १९८८ तक छपारा विकासखंड के ग्राम भेडक़ी से की। इसके पश्चात १९८८ से २०२६ तक उन्होंने ग्राम सुकतरा में निरंतर शिक्षण कार्य किया। १९९८ से २००६ तक उन्होंने जनशिक्षक के रूप में कार्य करते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार में अहम भूमिका निभाई। वहीं २००१ से २०० तक कुरई विकासखंड में बीआरसीसी के रूप में भी सेवाएं दीं। सेवानिवृत्ति के समय वे सांदीपनी सी.एम. राइज विद्यालय सुकतरा में पदस्थ थे। अपने लंबे सेवाकाल में श्री श्रीवास्त्री ने हजारों विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों की सीख दी। विदाई समारोह में वक्ताओं ने उनके योगदान को शिक्षा जगत के लिए प्रेरणादायक बताया और उनके स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानित भविष्य की कामना की।



### पिछले 2 वर्षों से छात्रवृत्ति नहीं मिलने से विद्यार्थियों में आक्रोश

## एनएसयूआई का पीजी कॉलेज के सामने धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में मंगलवार को बालाघाट पीजी कॉलेज के सामने एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के छात्रों को पिछले दो साल से छात्रवृत्ति न मिलने के आरोप में किया गया। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान जमकर नारेबाजी की।

एनएसयूआई ने लंबित छात्रवृत्ति तुरंत जारी करने, बालाघाट महाविद्यालय को ऑटोनॉमस कॉलेज का दर्जा देने और जिले के सभी महाविद्यालयों को छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी से हटाकर किसी अन्य विश्वविद्यालय से संबद्ध करने की मांग की है।

छात्र नेता सुमित बंसोड़ ने बताया कि छात्रवृत्ति न मिलने से छात्रों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बालाघाट पीजी कॉलेज को ऑटोनॉमस बनाने से छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी को लाखों रुपए के कागजी दस्तावेज भेजने में होने वाला खर्च बच जाएगा।

बंसोड़ ने यह भी बताया कि छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी से संबद्ध होने के बाद से छात्रों को लगातार समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया, तो आंदोलन को कॉलेज गेट से कलेक्ट्रेट और फिर भोपाल तक ले जाया जाएगा।

प्रदर्शन के दौरान महाविद्यालय परिसर में पुलिस बल तैनात रहा और शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन को नियंत्रित किया गया। यह प्रदर्शन जिले के छात्रों की बढ़ती नाराजगी और शिक्षा प्रणाली में सुधार की मांग को उजागर करता है।

### जनसुनवाई में पहुंचा मामला, कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

## गणपति मेमोरियल हॉस्पिटल बालाघाट में ठीक से ऑपरेशन नहीं होने के चलते युवक का हाथ खराब

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जनसुनवाई में बालाघाट तहसील के वार्ड नं. 12 बूढी निवासी राकेश कुमार सोनी डॉक्टर की लापरवाही से हाथ खराब हो जाने की शिकायत लेकर आए थे। राकेश ने बताया कि 19 जून को ट्रक के कैबिन से नीचे गिर जाने के कारण उसके हाथ की कलाई टूट गई थी, जिसका ईलाज कराने वह गणपति मेमोरियल हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर बालाघाट में भर्ती हुआ था। 19 जून 2025 को डॉक्टर श्रेय जैन ने उसकी कलाई का ऑपरेशन कर प्लेट लगा दी, जिस पर 15 हजार रुपए नगद दिया गया तथा शेष खर्च आयुष्मान से किया जाना बताया गया। लेकिन फिर भी हाथ में कोई सुधार नही आया।

इसके बाद वह पुनः डॉक्टर श्रेय जैन के पास 10 अगस्त 2025 को गया, तब उसका फिर से एक्स-रे लिया गया और बाएँ हाथ पर ऑपरेशन कर कलाई के पंजे में प्लेट लगायी गई, लेकिन लापरवाही पूर्वक ऑपरेशन के कारण उसका बायॉ हाथ खराब हो गया है। अतः डॉक्टर श्रेय जैन के विरूद्ध कार्यवाही की जाए। इस प्रकरण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कार्यवाही करने कहा गया है।




## शासकीय बालक उ.मा.वि.हट्टा में 12 वी के छात्रों को दी गई विदाई



**हरिभूमि न्यूज हट्टा।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हट्टा में 2 फरवरी को कक्षा 12वीं के समस्त संकाय के छात्र-छात्राओं को समारोह पूर्वक परंपरागत रूप से विदाई दी गयी । समारोह का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्य महोदया श्रीमती रेखा वानखेड़े जी के द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कक्षा ग्यारहवीं के छात्र छात्राओं के द्वारा सरस्वती के वंदना के गायन के उपरांत अतिथि का पुष्प हार व पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया तथा छात्र छात्रों द्वारा गीतों नृत्यो सहित संगीत नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कक्षा 12वीं के छात्र /छात्राओं द्वारा कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों को प्राचार्य महोदया की उपस्थिति में दीपदान किया गया इस विश्वास के साथ की विद्यालय का गौरव और सम्मान के छात्र-छात्राएं हमेशा इसी तरह बनाए रखेंगे। विद्यालय के उच्च माध्यमिक शिक्षक श्री महंत सर के द्वारा कविता का सस्वर वाचन किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन कक्षा ग्यारहवीं के छात्र आयुष सोनटके, गायत्री बढ़ई, सिमरन कसार, दुर्गेश्वरी बिसेन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के शिक्षक उच्च माध्यमिक शिक्षक श्री प्रेमलाल उके सर, श्री मदन पारधी, श्री भूमेश बिसेन, श्री प्रेम कुमार भावे, श्री विजय येरपुडे, श्री बाबूलाल डोंगरे एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक /शिक्षिकाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम सफलता पूर्ण संपन्न हुआ। कक्षा 12वीं के छात्र सूर्या तेलासे को मिस्टर हैंडसम, दिशा पारधी को मिस ब्यूटी, सुरेंद्र छीपेश्वर को मिस्टर फेयरवेल एवं भावना हेडाऊ को मिस फेयरवेल का खिताब देकर उनका सम्मान छात्र छात्रों के किया गया। कक्षा ग्यारहवीं के छात्र पारस बिसेन, इंद्रेश मानेश्वर, अमन बिसेन, पीयूष रंगारे एवं अन्य सभी छात्र छात्रों ने साथ मे मिलकर कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। उच्च माध्यमिक शिक्षक श्रीमती दीपा गोस्वामी मैडम के द्वारा दसवीं में 90% अंक प्राप्त करने वाले वाले छात्र पारस बिसेन एवं रौनक उके को 10000 की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। इस तरह यह विदाई कार्यक्रम शुभाषि एवं मंगल कामनाओं के साथ संपन्न हुआ।

## सांदीपनि विद्यालय लेंडेझरी में मध्याह्न भोजन की उत्कृष्ट व्यवस्था बनी मिसाल



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में कक्षा 01 से 08 तक के विद्यार्थियों को दोपहर में मध्याह्न भोजन प्रदान किया जाता है। अलग-अलग विद्यालयों में इस व्यवस्था को अलग-अलग तरीकों से संचालित किया जा रहा है, लेकिन लालबर्रा विकासखंड के अंतर्गत स्थित सांदीपनि विद्यालय लेंडेझरी ने इस दिशा में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।विद्यालय के प्राचार्य श्री अवध नारायण त्रिपाठी ने बताया कि जिले के विभिन्न स्थानों पर सांदीपनि विद्यालयों के नए भवन निर्मित हुए हैं, लेकिन विद्यार्थियों को मध्याह्न भोजन कराने की सबसे बेहतर और सुव्यवस्थित व्यवस्था लेंडेझरी विद्यालय में उपलब्ध है। यहाँ कक्षा 01 से 08 तक अध्ययनरत 500 से अधिक विद्यार्थियों के लिए भोजन ग्रहण करने हेतु एक अलग और सुव्यवस्थित डायनिंग हॉल बनाया गया है। डायनिंग हॉल में टेबल के साथ आकर्षक एवं अलग-अलग रंगों की कुर्सियाँ लगाई गई हैं, जिससे यह स्थान अत्यंत सुंदर और व्यवस्थित नजर आता है। इस सुव्यवस्था के कारण बच्चे आरामदायक माहौल में स्वच्छता के साथ भोजन कर पाते हैं।विद्यालय में मध्याह्न भोजन की जिम्मेदारी महिलाओं के दो स्वयं सहायता समूहों द्वारा निभाई जा रही है। कक्षा 01 से 05 तक के बच्चों के लिए एक समूह और कक्षा 06 से 08 तक के बच्चों के लिए दूसरा समूह भोजन तैयार करता है। डायनिंग हॉल के दोनों ओर इन समूहों के लिए भोजन सामग्री रखने हेतु अलग-अलग कक्ष भी बनाए गए हैं, जिससे कार्य सुचारू रूप से संचालित होता है।विद्यालय प्रबंधन द्वारा भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। भोजन तैयार करने से लेकर परोसने तक साफ-सफाई के उच्च मानकों का पालन किया जाता है। यही कारण है कि सांदीपनि विद्यालय लेंडेझरी में मध्याह्न भोजन व्यवस्था को जिले की सर्वश्रेष्ठ व्यवस्थाओं में गिना जा रहा है। विद्यालय की यह पहल न केवल विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि अन्य विद्यालयों के लिए भी एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करती है।

### कलेक्टर व बैंक प्रशासक के समक्ष हुआ प्रजेंटेशन

## ई-टोकन से होगा खाद वितरण



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** किसानों को अब रासायनिक खाद प्राप्त करने के लिए लंबी-लंबी लाईनो में खड़े होने की आवश्यकता नही पड़ेगी। राज्य शासन द्वारा लागू की गई ई-टोकन प्रणाली के अंतर्गत जिले में खाद का वितरण किया जाएगा। यह नई व्यवस्था ई-विकास प्रणाली के नाम से लागू की गई है। जिसका उद्देश्य किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराना है। खाद वितरण के दौरान किसानों को होने वाली परेशानियों से निजात मिलेगी तथा सुगमता पूर्वक किसानों को खाद प्राप्त हो सकेगी। इसी तारतम्य में 3 फरवरी को कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्री मृणाल मीना के समक्ष ई-टोकन उर्वरक वितरण प्रणाली का विस्तारपूर्वक प्रजेंटेशन दिया गया। इस दौरान जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित मुख्य शाखा बालाघाट अंतर्गत पैक्स अमेड़ा एवं पायली के किसान श्रीराम ठाकरे और संतोष पटले को जारी किये गये ई-विकास प्रणाली के माध्यम से खाद वितरण हेतु ई-टोकन का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर अभिनव सिंह बघेल सीईओ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट, पी.जोशी प्रबंधक लेखा जेएसके बैंक बालाघाट, फुलचंद मालवीय डीडीए बालाघाट, वैदिक अगाल मैनेजर इफको, अमरेश सिंह परिहार इन्वेटरी मैनेजर जेएसके बैंक बालाघाट, नितिन कुमार राहंगडाले खाद प्रभारी पैकस अमेड़ा उपस्थित रहे। इस दौरान श्री मीना कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र के किसानों को इस नई व्यवस्था के संबंध में जागरूक करें।

### शास.हाई. बेलगांव सतत पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**किरनापुर।** 03 फरवरी को शासकीय हाईस्कूल बेलगांव में सतत पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत विश्व वेटलैंड दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने आद्रभूमि और पारंपरिक ज्ञान, सांस्कृतिक विरासत का उत्सव । यह किस प्रकार आद्र भूमि पारिस्थितिकी तर्ज और जैव विविधता के सरक्षण में सहायक है। कार्यक्रम में बच्चों के सर्वश्रेष्ठ चित्र कला को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरुस्कार प्रदान कर सभी प्रतिभागि बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गये। वहीं बच्चों को स्वल्पाहार कराया गया। इस कार्यक्रम में शाला के प्राचार्य श्री गणेश प्रसाद सोनी , शिक्षकगण,हेमराज कावडे, किशोर कुमार सिरसाज, राजेश बंजारी, निवेश कुमार गौतम, राजेन्द्र पारधी, शिव कुमार मेश्राम, रंजित राहंगडाले शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

## लामता महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



शासकीय महाविद्यालय लामता की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम पंचायत चांगोंटोला में आयोजित सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का सांस्कृतिक एवं गरिमामय समापन समारोह संपन्न हुआ। यह शिविर दिनांक 28 जनवरी 2026 से 03 फरवरी 2026 तक मेरा युवा भारत डिजिटल साक्षरता, युवा स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं जन स्वास्थ्य के उद्देश्य को लेकर आयोजित किया गया था।

शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा ग्रामवासियों को विभिन्न सामाजिक विषयों पर जागरूक करने हेतु निरंतर गतिविधियां संचालित की गईं। इनमें स्वच्छता अभियान, एड्स के प्रति जन जागरूकता, मतदान जागरूकता, महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति अभियान एवं डिजिटल साक्षरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर रैली, नुक्कड़ नाटक, गीत एवं नारों के माध्यम से व्यापक जन जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया।

शिविर के समापन अवसर पर आयोजित समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र, मेडल एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा स्वयंसेवकों एवं कार्यक्रम अधिकारी को अभिनंदन पत्र, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत के सरपंच श्री प्रमोद ठाकरे, जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री विनोद बोथरा, उपसरपंच श्री जयराम जी, समस्त पंचगण, गणमान्य नागरिक श्री चंद्रकांत रहांगडले, श्री संतोष रहांगडले, श्री राजेश अवधिया, श्री अब्दुल शाह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सरपंच श्री प्रमोद ठाकरे ने सात दिवसीय विशेष शिविर के सफल आयोजन हेतु कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से न केवल ग्रामीणों को जागरूक किया गया, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान मिला है। उन्होंने कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवकों को साधुवाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह सात दिवसीय विशेष शिविर सामाजिक जागरूकता, सेवा भावना एवं युवा शक्ति के सकारात्मक उपयोग का सशक्त उदाहरण रहा।

## संत जयरामदास राइस मिल की आड़ में अवैध उष्णा प्लांट संचालित

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले के कटंगी क्षेत्र में संत जयरामदास राइस मिल की आड़ में एक अवैध उष्णा प्लांट संचालित किए जाने का मामला सामने आया है। इस प्लांट से निकलने वाली काली राख आसपास के घरों और खेतों तक पहुंच रही है। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है और पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि प्लांट से उड़ने वाली राख के कारण कई लोग अस्थमा और सांस की बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं। खेतों में गिर रही राख से जमीन की उर्वरकता कम हो रही है, वहीं बदबूदार गंदा पानी खेतों और जल स्त्रोतों में पहुंच रहा है, जिससे पेयजल भी प्रभावित हो रहा है।

इस मामले में उच्च न्यायालय में दायर एक रिट याचिका के बाद जांच के निर्देश दिए गए थे। साथ ही शिकायतकर्ताओं ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर से सहायक यंत्री संजय वर्मा ने मौके पर निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि घरों और खेतों में काली राख फैली हुई है और कृषि भूमि में बदबूदार पानी मौजूद है। जांच के समय उद्योग प्रतिनिधि राज देशमुख भी मौजूद थे, लेकिन उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा बनाए गए पंचनामे पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया।

जांच में अनियमितताएं सामने आने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे नाराज शिकायतकर्ता मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध प्लांट को बंद करने की मांग की।

शिकायतकर्ता शैलेष बांगरे ने बताया कि कटंगी निवासी सुरेश देशमुख वर्ष 2014 से संत जयरामदास राइस मिल की आड़ में बिना किसी वैध अनुमति के उष्णा प्लांट चला रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उच्च न्यायालय के आदेश और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के बावजूद प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है।

शिकायतकर्ताओं ने मांग की है कि उच्च न्यायालय और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेशों का पालन करते हुए तत्काल कार्रवाई की जाए और पर्यावरण व मानव स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहे इस अवैध उष्णा प्लांट को बंद किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे दोबारा उच्च न्यायालय और राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) का रुख करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### संत रविदास जी ने मानव जीवन मंगलमय करने हेतु जीवन भर कार्य किया डॉ.चरनदास ढेंगरे

## संत रविदास जयंती एवं राज्य शाखा दक्षिण उत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला मुख्यालय के चैत्य बुद्ध विहार,भैया साहब यशवंतराव आंबेडकर स्मारक पंचशील नगर भोपाल में 01 फरवरी को मानवता के सच्चे प्रहरी संत रविदास जी जयंती समारोह एवं संस्था की दक्षिण उत्तर राज्य की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई,संस्था के राष्ट्रीय सचिव एवं मप्र राज्य शाखा के पालक मंत्री बी एच गायकवाड गुरुजी के मुख्यातिथि में,आद.गौतम पाटिल सर राष्ट्रीय संगठक भोपाल के प्रमुख आतिथ्य में,डॉ चरनदास ढेंगरे जी प्रदेश अध्यक्ष मप्र दक्षिण(बालाघाट) की अध्यक्षता में,आर सी दिवाकर प्रदेश अध्यक्ष उत्तर(शिवपुरी)के स्वागत अध्यक्षता में एवं मप्र के प्रदेश पदाधिकारी एवं विभिन्न जिला शाखाओं के सैकड़ों प्रमुख पदाधिकारी के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।इसका सूत्र संचालन द.के महामंत्री डॉ.एवं SSD लेफ्टिनेंट कर्नल उत्तम प्रधान इंदौर,लखन कुमार दैलवार प्रदेश कोषाध्यक्ष (अशोक नगर) आय व्यय का ब्यौरा बी सी सहारे भोपाल के पास जमा किया गया, सी एल बौद्ध पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दतिया एवं रमेश लोखंडे पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष छिंदवाड़ा ने संस्था में शामिल होकर उनके,कार्यकर्ता एवं समाज के साथ किए जा रहे अन्याय और अनियमितता के बारे विस्तार से जानकारी दि। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव गायकवाड गुरुजी मुंबई ने कहा कि सभी ने निष्ठा से धम्म कार्य करना चाहिए,संस्था के सभी को पूरा मान सम्मान मिलता है। आदरणीय गौतम पाटील साहाब ने कहा सी एल बौद्ध साहाब हमारे पुराणे साथी है।वह प्रदेश अध्यक्ष थे।तभी मैं महासचिव था।आज हमको फीर से एक साथ काम करने का मोका मिला है। समारोह के अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि मानवता के अग्रणी संत रविदास जी ने जीवन भर मानव जीवन मंगल मय करने जीवन भर कार्य किया,सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ओ को धम्म संस्था के माध्यम गति से कार्य करने के टिप्स दिए,वर्ष 2026 बोधिसत्व डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर जयंती महू इंदौर में मनाने हेतु सभी जिला शाखाओं को प्रति जिला 10,000/इंदौर में भेजे जाने हेतु टारगेट दिए,महू बाबासाहेब जयंती अवसर पर मप्र शासन की ओर से लगने वाला मंच जो जन्मभूमि के ठीक सामने लगता है,जिससे स्मारक के दर्शन करने वाले हजारों अनुयायियों को भारी तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है,जनहानि की संभावना बनी रहती,मप्र शासन द्वारा शिक्षा विभाग सर्विस बुक अपडेट करने के दौरान एवं नई जनगणना के पत्रक के धर्म के कॉलम में हिंदू,सिख,ईसाई,मुस्लिम एवं जैन लिखा है,बौद्ध नहीं लिखा,अन्य भी नहीं लिखा जिससे पूरे बौद्ध अनुयाई यो के साथ धोखा है जिससे उनमें भारी आक्रोश बना हुआ है,इस पर नाराजगी जारी करते हुए मप्र प्रदेश शासन एवं भारत सरकार को पत्र लिखने हेतु प्रस्ताव लिया,अन्यथा भविष्य में संगठन एवं समाज द्वारा आंदोलन किया जाएगा। उत्तर राज्य के अध्यक्ष आर सी दिवाकर जी ने सभी को धम्म संस्था के संविधान के अनुसार कार्य करने हेतु आव्हान किया।



### प्रसन्नजीत को लेने के लिए अमृतसर रवाना हुई टीम

## करीब 8 साल बाद हो रही घर वापसी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

घर से लापता होने के बाद पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान की कोट लखपत जेल में बंद बालाघाट जिले के खैरलांजी थाना क्षेत्र का प्रसन्न जीत रंगारी की करीब 08 वर्ष बाद वतन वापसी हो चुकी है। अब उसे घर आने का इंतजार है। प्रसन्न जीत को घर वापस लाने के लिए तिरोड़ी तहसील के महकेपार से उनके जीजा राजेश खोब्रागड़े, महकेपार रोजगार सहायक योगेन्द्र चौधरी और मोहगांव पंचायत के रोजगार सहायक आशीष वासनिक अमृतसर रवाना हो गए है। प्रसन्नजीत की बहन संघमित्रा करीब 05 वर्षों से अपने भाई की वतन वापसी की कोशिश कर रही थी। आखिरकार जब 31 जनवरी को पाकिस्तान से 7 भारतीय कैदियों की रिहाई हुई तो पंजाब के 06 कैदियों के साथ खैरलांजी के प्रसन्नजीत की भी रिहाई की गई। इन सभी कैदियों को अटारी-वाघा बॉर्डरb पर बीएसएफ के हवाले किया गया। फिर भारत ने कस्टम और इमिग्रेशन की प्रोसेस पूरी करने के बाद सभी का नानकदेव अस्पताल में मेडिकल करवाया सभी के स्वस्थ होने की पुष्टि होने के बाद उन्हें उनके परिजनों को सौंपा जा रहा है। पंजाब मूल के सभी 6 लोग अपनों तक पहुंच गए वहीं प्रसन्नजीत रेड क्रॉस भवन मजीठा रोड और गुरु नानक देव हॉस्पिटल अमृतसर में है। जिसकी जिम्मेदारी एएसआई जसविंदर सिंह के पास है। 1 फरवरी को अमृतसर पुलिस ने खैरलांजी पुलिस से संपर्क किया और खैरलांजी पुलिस ने संघमित्रा को भाई की वतन वापसी की जानकारी दी। संघमित्रा ने भाई को अमृतसर से लाने में आर्थिक अड़चने बताई तो कलेक्टर के निर्देशन पर वाहन की व्यवस्था की गई। मंगलवार को जनपद पंचायत



मुख्य कार्यपालन अधिकारी गायत्री कुमार सारथी, जनपद सदस्य विनोद पंचभाई ने संघमित्रा से मुलाकात की और राजेश खोब्रागड़े के साथ रोजगार सहायकों को अमृतसर रवाना किया है।

प्रसन्नजीत रंगारी साल 2017-18 को घर से लापता हुआ था तब वह बिहार चले गया था लेकिन तब तो वह लौट आया था। लेकिन अचानक वह फिर से घर से लापता हुआ। घर वालो ने लंबे समय तक उसकी तलाश की और उसे मृत मान लिया था लेकिन दिसंबर 2021 में एक फोन आया और पता चला कि उनका भाई प्रसन्नजीत पाकिस्तान की जेल में बंद है। 1 अक्टूबर 2019 में प्रसन्नजीत को पाकिस्तान के बाटापुर से हिरासत में लिया गया। उस समय तक उस पर किसी तरह के आरोप तय नहीं हुए थे वह सुनिल अदे के नाम से बंद था। अब वह पाकिस्तान की कैद से आजाद हो गया है। संघमित्रा अपने भाई को देखने के लिए बेताब है। आज भी संघमित्रा अपने भाई को याद करते हुए भावुक हो जाती है। प्रसन्नजीत रंगारी पढ़ाई में तेज था जबलपुर के गुरु रामदास खालसा इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी से बी. फार्मेसी की पढ़ाई करवाई थी। पढ़ाई पूरी कर साल 2011 में एमपी स्टेट फॉर्मसी काउंसिल में अपना रजिस्ट्रेशन किया था। इसके बाद वह आगे की पढ़ाई करना चाहता था, लेकिन मानसिक स्थिति खराब होने के कारण पढ़ाई छोड़कर घर आ गया।